हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


12 विजय दिवसः छात्रों ने निकाली भव्य विजय ...

13 ग्रीन डे पर स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ...





**मौसम : बलौदाबाजार में मानसून सक्रिय, 481 मिलीमीटर हुई बारिश, नदी नाले उफान पर**

# महानदी उफान पर, अमेठी पुल डूबा, आवागमन प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार जिले में इस साल मानसून काफी सक्रिय नजर आ रहा है। 1 जून से 25 जुलाई तक जिले में औसतन 481.9 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। हालांकि अलग-अलग तहसीलों में वर्षा की स्थिति भिन्न रही है। जिला बलौदाबाजार में इस मानसून सीजन में अब तक कुल 4336.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जिसका औसत 481.9 मिमी बनता है। सबसे अधिक वर्षा तहसील सुहेला में 628 मिमी दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम बारिश कसडोल में 367.4 मिमी हुई है।

▪ धमनी एनीकट पुल 5 फीट ऊपर से बह रहा पानी, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

अन्य तहसीलों की बात करें तो टुण्डरा में 586.6 मिमी, पलारी में 532.2 मिमी, भाटापारा में 469.4 मिमी, लवन में 457.1 मिमी, सोनाखान में 448.7 मिमी, सिमगा में 445.3 मिमी. और बलौदाबाजार में 402.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

हरिभूमि डॉट कॉम की टीम आज जिले के ग्राम अमेठी में बने एनीकट पर जाकर देखा, यहां पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण महानदी का जलस्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। सामान्यतः शांत रहने वाली महानदी इस बार लबालब हो चुकी है। महानदी का जलस्तर अमेठी क्षेत्र में 20 फीट से ऊपर पहुंच गया है, जिससे धमनी एनिकट पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया है। पुल के ऊपर से 5 फिट ऊपर गुजर रहा है।

अमेठी पुल से होकर कसडोल विकासखंड और महासमुंद जिले की ओर जाने वाले लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नदी के दोनों छोर पर बसे ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। नदी का जलस्तर सामान्य से 10 फीट ऊंचे पुल को भी डुबा चुका है और इस पर पानी 5 फीट ऊपर तक बह रहा है। हालांकि वर्तमान में बाढ़ की कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है, लेकिन फिर भी प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरती जा रही है और स्थानीय प्रशासन संभावित खतरे को लेकर सजग है।

## बलौदाबाजार-रायपुर मार्ग पर जानलेवा हुआ पुराना पुल, खोरसी नाला पर 5 फीट से अधिक धंसा सड़क का हिस्सा

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-रायपुर राजमार्ग पर खोरसी नाला के ऊपर बने पुराने छोटे पुल की हालत इन दिनों जानलेवा बनी हुई है। हाल ही में हुई बारिश के बाद पुल के एक छोर पर सड़क का करीब 5 फीट से भी अधिक हिस्सा धंस गया है, जिससे वहां एक गहरा और खतरनाक गड्ढा बन गया है। इस पुल से रोजाना सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, किसान, स्कूली बच्चे और चार पहिया वाहन गुजरते है।

खोरसी नाला पर बना यह पुराना पुल पहले बलौदाबाजार को रायपुर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग था। लेकिन अब बड़ा पुल बन जाने से अधिकतर गाड़ियां नए पुल से ही आवागमन करती है। वही नीचे बने पुराने पुल से स्थानीय मगरचबा, खैरघाटा, और आस-पास के कई गांवों के ग्रामीण शहर आना जाना करते हैं। इसके अलावा, पुल के पास ही स्थित एक प्राचीन साईं मंदिर में श्रद्धालु नियमित रूप से आते-जाते हैं। लेकिन अब यह पुल लोगों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि संभावित हादसे का कारण बनता जा रहा है।

### स्थानीय ग्रामीणों, किसानों और साईं मंदिर के श्रद्धालुओं पर मंडरा रहा खतरा



**न बैरिकेड्स, न चेतावनी बोर्ड** सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब तक प्रशासन ने इस स्थान पर कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया है, न ही बैरिकेड्स या अस्थायी मरम्मत की कोई कोशिश की गई है। यह प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता का जीता-जागता उदाहरण है। लोगों की जान से खिलवाड़ करते हुए जिम्मेदार अधिकारी अब तक मूकदर्शक बने बैठे हैं।

### रात के समय खतरनाक हो जाता है रास्ता

बारिश के बाद इस गड्ढे में पानी भर जाता है, जिससे यह दूर से या अंधेरे नजर नहीं आता। रात के समय जब रोशनी कम होती है, तो वाहन चालकों को इसका अंदाज़ा नहीं लगता और वे सीधे गड्ढे में गिर सकते हैं। चार पहिया वाहनों के लिए यह गड्ढा गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस मार्ग से रोजाना स्कूली बसें, बाइक सवार और ऑटो भी गुजरते हैं, जिससे खतरा और भी बढ़ सकता है।

## बंजारी नाला ने लिया रौद्र रूप, पुल डूबा, आवागमन ठप






**खरोरा।** श्रावण माह के दूसरे सप्ताह में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते खरोरा अंचल के चकवे और चोरभट्ठी के बीच स्थित बंजारी नाला अपने रौद्र रूप में आ गया है। नाले पर बने पुल के ऊपर से लगभग दो फीट पानी बह रहा है, जिससे राहगीरों, विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग चकवे, चोरभट्ठी, कोसरंगी होते हुए आरंग और खरोरा को जोड़ता है, जो आगे चलकर राजधानी रायपुर तक पहुंचता है। मार्ग की महत्ता को देखते हुए इस पर यातायात का दबाव हमेशा बना रहता है। वर्तमान में पुल पर पानी होने के कारण आम नागरिकों को लगभग 10–15 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।

▪ ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, जान जोखिम में डालकर आ-जा रहे लोग

### विद्यार्थी जान जोखिम में

पुल की ऊंचाई कम होने से स्कूली छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। स्थानीय विद्यार्थियों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि इस पुल की ऊंचाई जल्द से जल्द बढ़ाई जाए ताकि पढ़ाई बाधित न हो और आवागमन सुरक्षित हो सके।

### खेतों में भरा पानी

ग्राम पंचायत चकवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र की लगभग 40–50 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है। पिछले दो दिनों की तेज बारिश के चलते धान के खेतों में बियासी का कार्य प्रभावित हुआ है। किसान रोपा नही हो रहा, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है।

### प्रगतिशील किसान सेतराम साहू की अपील

ग्राम पंचायत चकवे के प्रगतिशील किसान एवं जनप्रतिनिधि सेतराम साहू, रत्नलाल निषाद, ईश्वर साहू, जीवराखन निषाद, लक्ष्मी नारायण निषाद, दयाराम बघेल, गोवर्धन साहू, ओमप्रकाश नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि वे विगत कई वर्षों से इस पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से पुनः आग्रह किया है कि पुल की ऊंचाई जल्द बढ़ाई जाए, ताकि ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को बारिश के दौरान आने-जाने में कोई परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप



### अर्जुनी में हरेली पर छोड़ा गया सांड

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़ी ग्राम पंचायत अर्जुनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ का लोक पर्व हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। गौठान में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद गांव की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए बैल की तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात एक सांड छोड़ा गया। इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, लखन यदु, लोकनाथ यदु, राजू रजक, राधेश्याम साहू, गजानंद वर्मा, ओम प्रकाश साहू, नंदकुमार यदु, कैलाश यादव, प्रेमचंद वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक 28 को

**सिमगा ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा की बूथ, जोन, सेक्टर, कमेटी की आवश्यक बैठक दिनांक 28 जुलाई दिन सोमवार को सामुदायिक भवन थाना के पीछे सिमगा में समय 1 बजे रखी गई है। जिसमें विधायक इंद्र साव एवं प्रभारी कमलेश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ सिमगा ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेस जन भी उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ के .के.नायक एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले ने महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस ,सेवादल, यूथ कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस के समस्त पदाधिकारीगण अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है ।

### बंगोली में रही हरेली उत्सव की धूम



**बंगोली ।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला में संस्था प्रमुख श्रीमती सविता चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के प्रथम सांस्कृतिक पर्व हरेली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वनिर्मित कृषि औजारों की विधिवत पूजा की गेड़ी दौड़, फुगड़ी, कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई। सविता चंद्राकर ने स्वयं छत्तीसगढ़ी कलेवा बनाकर प्रदर्शन किया जिससे बच्चे अपनी मूल संस्कृति एवं परंपरा से जुड़े रहें। इस अवसर पर दुर्गेश नायक, राजेंद्र कुमार वर्मा, देवकी नायक सहित शाला प्रबंधन समिति के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**छात्रों ने निकाली संकल्प रैली, शहीदों को किया नमन**

# दाऊ कल्याण महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में शनिवार को एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस बड़े ही गरिमामय एवं देशभक्ति पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए आर सी जेम्स के नेतृत्व में देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, भाषण एवं कविता के माध्यम से वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया। NSS के स्वयंसेवकों ने शहीदों की चिताओं पर हर वर्ष लगेंगे मेले जैसे नारों के साथ एक संकल्प रैली भी निकाली।





### कारगिल युद्धः शौर्य और विजय का प्रतीक

प्राचार्य डॉ.जेम्स ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध भारत के साहस, एकता और अनुशासन का प्रतीक है। यह दिन हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। गणेश राम कुर्रे एवं योगेंद्र कंवर ने बताया आज हम सभी यहाँ कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह दिन, 26 जुलाई, हमारे राष्ट्र के गौरव और हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक है। वर्ष 1999 में आज ही के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घुसपैठियों को कारगिल की ऊँचाइयों से पराजित कर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। मोहन लाल वर्मा ने वीर शहीदों के बलिदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रभारी नरेंद्र देव मिर्झा ने इस आयोजन को सफल बनाने में सभी स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया और युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनें। नेहरू युवा केंद्र रायपुर जिला बलौदाबाजार के नोडल अर्पित तिवारी का कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप



### कनेश्वर महादेव का नपाध्यक्ष ने किया जलाभिषेक

**महासमुंद**। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू परिवार सहित कनेकेरा महादेव घाट स्थित स्वयंभू महादेव कनेश्वर नाथ के दर्शन करने पहुंचे। पवित्र श्रावण मास पर नपाध्यक्ष शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर रहे हैं। इसके तहत वे कनेकेरा स्वयंभू शिवलिंग की पूजा अभिषेक करने पहुँचे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान का जलाभिषेक, रूद्राभिषेक व विशेष पूजा कर भगवान शिव से क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### खैरा में महिला मंडल ने मनाया तीज उत्सव



**महासमुंद**। ग्राम खैरा के सद्भावना सत्संग महिला मंडल ने हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम गणेश की वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की। 108 वे वर्ष में माता पार्वती को शुक्ल पक्ष श्रावण मास की तृतीया तिथि को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पर्व मां पार्वती भगवान शिव को समर्पित उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में करुणा ध्रुव, भगवती, कल्याणी, अनिता, नीतू, किरण, ललित, सोना, सरस्वती, कुंती, कुसुम, लता, उषा आदि मौजूद रहे। यह जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### रुद्राभिषेक में शामिल हुए डॉ. रामप्रताप सिंह



महासमुंद। श्रावण मास के दौरान विधायक कार्यालय परिसर में जारी रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम में शनिवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह सपत्नीक शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपरिवार पूजा में शामिल हुए। पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कराया। महादेव की आरती के साथ पूजन कार्य हुआ। अंत में पूजन में शामिल होने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### वाइज़ मैथ्स क्लासेस ने स्थापना की पहली ही साल में दिया बेहतरीन रिजल्ट

**नर्रा**। ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को प्रयास, नवोदय एकलव्य विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश कराने के उद्देश्य से वाइज़ मैथ्स क्लासेस कोमाखान की शुरुआत 2024 में की गई। प्रथम वर्ष में ही संस्था से 8 विद्यार्थियों ने उक्त प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हुए। जिसमें से 7 विद्यार्थियों का प्रयास आवासीय विद्यालय एवं 1 विद्यार्थी का एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश लिया। वाइज़ मैथ्स क्लासेस कोमाखान के संचालक केशव प्रकाश महानंद ने बताया कि इस क्लासेस का उद्देश्य हिंदी माध्यम के विद्यार्थी व आर्थिक रूप कमज़ोर परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन का बेहतर विकल्प प्रदान करना है। ताकि, विद्यार्थी को जो अवसर आगे बढ़ने का प्राप्त होता है वो हाथ से न निकले। आगे बताते है कि विद्यार्थी के पालकों से कुछ न्यूनतम फ़ीस लेकर संस्था का संचालन व्यवस्था किया जाता है। विद्यार्थिंयों के चयन से घर-परिवार, गांव, स्कूल में हर्ष का माहौल है।

---

**आयोजन : गुरुकुल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस**

# विजय दिवसः छात्रों ने निकाली भव्य विजय रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एक भव्य विजय रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और भारतीय सैनिकों की वेशभूषा धारण कर वीरता और शौर्य का जीवंत प्रदर्शन किया। रैली में सैनिकों के शौर्य को दर्शाती झांकियां निकाली गई, जिसमें बच्चे तिरंगा लहराते हुए पूरे जोश के साथ दिखाई दिए।

इस रैली ने राहगीरों का ध्यान खींचा और लोगों को कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक पराक्रम की याद दिला दी। बच्चों के हाथों में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में बनाए गए पोस्टर और राष्ट्रीय ध्वज थे। पूरी रैली के दौरान वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम, जब तक सूरज चांद रहेगा, कारगिल तेरा नाम रहेगा जैसे नारों से गूंज उठा। यह जोशीले नारे सुनकर लोगों में भी देशभक्ति का उत्साह जाग उठा।

विद्यालय की प्राचार्य वंदना तिवारी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के वीर सपूतों के बलिदान और शौर्य की अमर गाथा है। यह दिन हमें राष्ट्र प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरक संदेश देता है। वहीं, विद्यालय के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना प्रबल करते हैं। रैली के बाद विद्यालय परिसर में बच्चों को कारगिल युद्ध के शौर्य गाथाओं से अवगत कराया गया और शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





### वटगन विद्यालय में मनाया गया विजय दिवस



**पलारी** । शनिवार को पलारी के शासकीय उच्च मा. विद्यालय वटगन में कारगिल विजय दिवस मनाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कक्षा दसवीं की छात्रा हेमप्रभा फेकर ने ब्लैक बोर्ड पर कारगिल विजय दिवस का चित्र बनाया, वही शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा स्कूल परिसर में कारगिल विजय दिवस अमर रहे के नारे गुंजायमान रहा, इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा जो सैनिक देश के रक्षा के खातिर शहीद होते हैं उन शहीदों के लिए कारगिल विजय दिवस पर अवश्य याद करना चाहिए जिसने हसते-हसते भारत मां के नाम शहीद हो गए। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एच के वर्मा, व्याख्याता बी एल ढीढ़ी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, शगुन सोनी, सुशीला जांगड़े, प्रीति वर्मा, श्वेता वर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




### डीआरएस महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**कसडोल**। 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय दौलतराम शर्मा स्नाकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की सेना के शौर्य पर महाविद्यालय मे छात्र छात्राओं सहित प्राध्यापकों द्वारा चर्चा-परिचर्या का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर.डी. साहू रहे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर प्रान्त के कारगिल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत पाकिस्तान की सेनाओं के मध्य लड़ा गया। जिसमें भारत की सेना ने 26 जुलाई 1999 को विजय हासिल किया। जिसके याद में सेना के शौर्य को याद किया जाता है, कार्यक्रम की प्रस्तावना रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी श्री बर्मन ने रखा और अनेक देशभक्ति गीत कविता के माध्यम से सेना के शौर्य पर अपनी श्रद्धाजंलि व्यक्ति किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा जी ने बताया कि 26 जुलाई का दिन उन वीरों को याद करने का दिवस है जिन्होंने प्रतिकूल परिस्तिथि मे होकर पाकिस्तान की सेना को धूल चटाई 3 महीने चले इस युध्द में भारतीय सेना भारतमाता का मान बढ़ाया। आज देश के युवाओं को देश के सेना के प्रति कृतज्ञ होना होगा क्योंकि आज जो हम मैदानी इलाकों में आनन्द से है उनका श्रेय भारत की सेना को जाता है, कार्यक्रम मे प्राचार्य सहित प्राध्यापको ने भी अपनी अपनी बातें साझा किया। कार्यक्रम में वरिष्ट प्राध्यापक डॉ.खुर्शीद खान,डॉ. संजुलता पटेल सहित समस्त प्राध्यापक स्टाफ ,प्रीतम जायसवाल,फाल्गुनी सोनी सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहें।





---

## रवान की 'सीमेंट नगरी' में बदहाली का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग के सीमेंट नगरी कहे जाने वाले ग्राम पंचायत रवान अपनी बदहाली पर रो रहा है। ग्राम रवान के शक्तिपीठ महामाया चौक के आसपास का माहौल लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है बता दे कि महामाया परिसर व उसके आसपास गैर जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के चलते कचरा फेकने के कारण कचरा व गंदगी का ढेर लगा हुआ है



जो की ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये के चलते समस्या बना हुआ है।

गंदगी जमा होने के कारण आवागमन में भी असुविधा हो रहा है इतना ही नही बरसात के मौसम में व्याप्त कचरे से गंभीर बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ ।

## निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेले में 545 लोगों ने कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत परिसर पवनी में शनिवार 26 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत पवनी के अध्यक्ष कुलदीपक साहू एवं पार्षदो के द्वारा किया गया। शिविर में डॉ हरकिशोर धृतलहरे(एम डी), डॉ पूजा वर्मा(एम डी), डॉ अर्चना खटी, डॉ ओम विजय साहू, डॉ खुश्बू ईजारदार के द्वारा सेवा दी गई।

- नपं परिसर में आयोजित हुआ शिविर, आयुष चिकित्सकों ने दी अपनी सेवाएँ



शिविर प्रभारी डॉ अर्चना खटी ने बताया में चिकित्सकों द्वारा आयुष चिकित्सा पद्धतियों एवं उनके सिद्धांतों जैसे दिनचर्या ॠतुचार्य योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु तथा विभिन्न बीमारियों जैसे सर्दी खांसी, बुखार, वात रोग, चर्म रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, लकवा दमा, पीलिया, खून की कमी, बवासीर, नेत्र रोग, मनोरोग वृद्धावस्था जन्य रोग आदि की जांच की गई कुल 545 लोगों ने पंजीयन कराया जिनकी जांच उपरांत सभी को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने गजेंद्र निराला, अनूप गुप्ता, श्याम सुंदर साहू, जितेंद्र साहू,श्याम लाल जाटवर, नेत्र सहायक कमलेश डडसेना, प्रयोगशाला सहायक प्रदीप चौहान, पार्षदगण, नगर पंचायत के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा ।

### देश के वीर जवानों के लिए समूह की दीदियों ने कलेक्टर को सौंपे रक्षासूत्र



बलौदाबाजार । बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत 'मेरा रक्षासूत्र देश के जवानों के नाम' थीम पर जिले के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला स्व सहायता समूह एवं किशोरी बालिकाओं के द्वारा रक्षासूत्र तैयार किया जा रहा है। इस रक्षासूत्र को सीमाओं पर तैनात देश के वीर जवानों तक पहुंचाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर दीपक सोनी को सौंपा। कलेक्टर श्री सोनी ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल रक्षाबंधन को एक नया आयाम देने के साथ ही देश के प्रति नागरिक जिम्मेदारी व भावनात्मक एकजुटता का भी परिचायक है। अपनी जान की परवाह किए बगैर हमारे देश के जवान सीमाओं पर निगहबान है और देश की रक्षा कर रहे हैं। कई जवान ऐसे हैं जो देश की सेवा की खातिर रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं पहुंच पाएंगे। जवानों तक रक्षासूत्र पहुंचने पर उन्हें बहन की दूरी नहीं खलेगी और राखी का प्यार भी मिलेगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार, परियोजना अधिकारी सरस्वती चंद्रवंशी, समन्वयक प्रीति नवरत्न,पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जल-जंगल यात्रा कर पर्यावरण से जुड़े स्कूली बच्चे व ग्रामीण



**कसडोल**। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र बल्दाकछार में जल-जंगल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को अर्जुनी परिसर में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी के छात्र' छात्राएं, अर्जुनी /"ब/" एवम् खैरा /"ब/" के जन प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिकगण उपस्थित हुए। जल-जंगल यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं एवम् ग्रामीण नागरिकों को विभिन्न वन वर्धनिक कार्यों, भू-जल संरक्षण संरचनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवम् संरचनाओं की उपयोगिता से अवगत कराया गया। वनों में उपस्थित वृक्ष प्रजातियों, वन्य जीवों एवम् औषधीय प्रजातियों के बारे में बताया गया साथ ही साथ वन सुरक्षा एवम् वन विस्तार हेतु प्रेरित किया गया।

## पलारी के तीरंदाज महासमुंद में साधेंगे निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शनिवार को जिला स्तरीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ससहा में सम्पन्न हुआ, जिसमें छेरकापुर, ओड़ान, कोसमंदी, गुमा, पलारी, जरवे, ससहा के विद्यार्थियों ने तीरंदाजी में अपना खेल का प्रदर्शन किया, तीरंदाजी प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग 14,17 एवं 19 वर्ष में आयोजित किया गया, विकास खण्ड खेल प्रभारी हेमलता कन्नौजे के मार्गदर्शन में खेल प्रदर्शन हुआ।

खेल को सम्पन्न कराने में व्यायाम शिक्षक आशीष ठाकुर सेजेस छेरकापुर, प्रवीण चंद्राकर सेजेस ओड़ान, राजेश मांडले शाउमावि गुमा, दीपमाला साहू सेजेस पलारी, ईश्वर लाल साहू ससहा, संजय वर्मा सेजेस जर्वे ने भूमिका निभाई। तीरंदाजी प्रतियोगिता बालक एवं बालिका अंडर 19 वर्ग में रितिक पटेल, देवरत मनहरे, सिद्धांत कुर्रे, प्रकाश साहू, धारणी बघेल, अंजली बारले (ससहा) तीरंदाजी प्रतियोगिता बालक एवं बालिका अंडर 17 मे महेंद्र साहू जर्वे, रोमित कुमार, कृष्ण कुमार गुमा, रूपेन्द्र साहू, रोशनी साहू, भागेश्वरी सुरतांगे ससहा का चयन हुआ है ये चयनित खिलाड़ी 7 अगस्त को संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता जिला महासमुंद में भाग लेंगे ।



---

**ई-कॉमर्स के माध्यम से बाजार विस्तार पर कार्यशाला आयोजन**

# भण्डार क्रय नियमों का पालन व पारदर्शिता के साथ हो जेम पोर्टल पर खरीदीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) एवं पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने और उनके उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में 'ई-कॉमर्स के माध्यम से बाजार पहुँच विकास' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- जेम पोर्टल पर ऑनलाइन खरीदी-बिक्री प्रक्रिया की बताई गई बारिकियां



यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित हुआ जिसमें जेम पोर्टल पर खरीदी -बिक्री प्रकिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि प्रशासन का कार्य डिजिटल होते जा रहा है। विभागों द्वारा सामग्री ऑनलाइन पोर्टल जेम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि सामग्री खरीदी में भण्डार क्रय नियम का शत प्रतिशत अनुपालन एवं पारदर्शिता जरूरी है। खरीदी में उत्पाद की गुणवत्ता, मात्रा और दर का विशेष ध्यान रखा जाए। शासन द्वारा 5 जुलाई 2025 को जारी अधिसूचना का पालन अवश्यक करें।

इस के साथ ही सामानों के खरीदी के लिए अन्य पोर्टल से भी तुलना करें। उन्होंने जेब से ऑनलाइन खरीदी के समय जरूरी एहतियात बरतने तथा कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय से ही टेंडर की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### विस्तार से साझा की गई जानकारी

कार्यशाला में सीएसआईडीसी प्रशिक्षक राकेश कुमार तिवारी ने सरकारी खरीदी पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी साझा की। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र गुणेश्वरी साहू ने रैम्प योजना के अंतर्गत राज्यभर में संचालित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय पहुंच और अन्य कई पहल चल रही हैं जो सूक्ष्म उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित कर रही हैं। कार्यशाला में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय वेन्डर एवं एमएसएमई प्रतिनिधि शामिल हुए।

## करबाडबरी में हुआ बाल कैबिनेट का गठन



**पवनी** । छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुरूप शाला के व्यवस्थित एवं कुशल संचालन के लिए बाल कैबिनेट गठन की अनिवार्यता अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करबाडबरी में बाल कैबिनेट का चुनाव कर गठन किया गया जिसमें शालानायक खेमराज उप शाला नायक जिया, कक्षा नायक हेतु कक्षा पांचवीं से रागिनी, उप कक्षा नायक टार्जन, चौथी कक्षानायक खेमराज, तीसरी कक्षा नायक अनन्या, उपकक्षानायक उर्जित पहिली-दूसरी से साक्षी और विराट, पर्यावरण प्रभारी समीर,भाविक, स्वच्छता प्रभारी परिधि, अनुशासन प्रभारी हर्ष कुमार, मध्याह्न भोजन प्रभारी यामिका एवं पल्लवी, सांस्कृतिक प्रभारी कल्पना एवं ॠतु का चयन कर प्रधान पाठक रवि कुमार नागेश द्वारा पद की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार साहू, मनोहर लाल साहू सहित शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप खूंटे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश्वर प्रसाद साहू ने किया।

## खबर संक्षेप



### अब भी भर्रीदादर खार प्यासा, पर्याप्त बारिश नहीं, बियासी कार्य अटका

**नर्रा।** सावन माह का आधा पखवाड़ा बीत गया, लेकिन इस क्षेत्र में हरुना किस्म एक हजार दस धान इत्यादि के लिए अच्छी बारिश अब तक नहीं हुई है। अब भी खेत प्यासे हैं। क्षेत्र में बियासी के लिए पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान चितिंत है। बता दें कि धान की बुआई आषाढ़ माह में ही शुरू हो गया था, इन फसलों के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है। इससे धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं। इन दिनों बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना है। इसके बावजूद क्षेत्र में हल्की बारिश तक सीमित है। हरेली पर्व मनाने के बाद पहले ही दिन से हो रही सावन की रिमझिम झड़ी से सिर्फ नमी बनी हुई। इन फसलों के लिए मूसलाधार बारिश की दरकार है।

### लगातार बारिश से वृद्धा का कच्चा मकान गिरा



**अरंड (पिथौरा)।** अरंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से रूक-रूककर हो रही बारिश की वजह से जहां जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर एक बेसहारा वृद्ध महिला का कच्चा मकान ढह जाने के कारण उस पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरंड निवासी अहिल्या बाई ध्रुव पति स्व. कुमार सिंह ध्रुव को इस भारी बारिश की वजह से बेघर होने की स्थिति निर्मित हो गई। क्योंकि, उनका कच्चा मिट्टी का मकान निरंतर बारिश के पानी सह नहीं पाया और बुरी तरह से सिहर कर मकान का मलबा गिर गया। हालांकि, इस मकान का मलबा बाहर की ओर गिरने से किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। लेकिन, उन्हें किसी तरह मकान में पॉलीथिन ढंक कर रहने मजबूर जरूर होना पड़ रहा है। इस आपदा से पीड़ित गरीब अहिल्या बाई ध्रुव की प्रशासन से आवास की गुहार लगा रही है।

### सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन 3 को

**महासमुंद।** भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा 3 अगस्त को सुबह 9 बजे से स्थानीय पंचशील क्लब में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया गया है। नगर व जनकल्याण भाव से आयोजित इस सामूहिक पूजन में पूजन सामग्रियां आयोजन समिति द्वारा निशुल्क प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के जुगनू चंद्राकर, मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक, दिलीप जैन ने बताया कि आयोजन पूर्णतः निशुल्क है। शिवलिंग बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं को अपने साथ थाली, परात लेकर आना है। साथ ही पूजन के लिए फूल व बिल्व पत्र लाना है। उन्होंने बताया कि पं पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में पूजन विधान पूर्ण किया जाएगा।

### आयोजन : कुल 70,000 विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण की शुरुआत

# हरेली पर अंबुजा सीमेंट्स ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अदाणी समूह के अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, रवान इकाई ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए 'हरेली तिहार' के शुभ अवसर पर वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मल्दी-मोपर चूना पत्थर खदान परिसर में राष्ट्रीय अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जिला वन अधिकारी गनवीर धम्माशिल मुख्य अतिथि के रूप में रहे। उनका स्वागत अंबुजा सीमेंट्स, रवान इकाई के यूनिट हेड द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। आयोजन में आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण नागरिकों सहित अंबुजा सीमेंट्स के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की।







#### 70,000 पौधों का किया जाएगा रोपण

अंबुजा सीमेंट्स, रवान के खदान प्रमुख ने संबोधन में कंपनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में कुल 70,000 पौधों का रोपण किया जाएगा, जिसमें विविध प्रजातियों को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला वन अधिकारी गनवीर धम्माशिल ने अपने संबोधन में कंपनी के द्वारा किए जा रहे वृहत वृक्षारोपण की सराहना करते हुए कहा कि वातावरण की रक्षा किसी एक संस्था की नहीं, अपितु हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति यदि एक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ भविष्य मिल सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने और सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की। कार्यक्रम में कंपनी के पर्यावरण अधिकारी ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विशेष रूप से मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अपने बहुमूल्य समय से उपस्थित होकर जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अभियान को प्रोत्साहन प्रदान किया।

#### स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण है उद्देश्य

छत्तीसगढ़ में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, सतत आजीविका, और सामुदायिक विकास जैसे अनेक क्षेत्रों में सतत रूप से कार्य किया जा रहा है। अदाणी समूह का प्रयास है कि सामाजिक उपक्रमों से न केवल स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण हो, बल्कि एक समावेशी और समृद्ध भारत की नींव भी मजबूत हो।

## स्कूली बच्चों ने पौधारोपण करके लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय प्राथ. एवं पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा संकुल केन्द्र असौंदा में एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत सुरक्षित भविष्य और स्वच्छ पर्यावरण के संकल्प को लेकर विद्यालय स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत असौंदा के सरपंच जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर, लुनिता चन्द्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डिगेश्वरी साहू शिक्षाविद त्रिवेणी वर्मा प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ उपस्थित थे। जितेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि प्रकृति जीवन का आधार है। पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं। उन्होंने बरगद, और पीपल जैसे पवित्र वृक्षों का महत्व बताया। गायकवाड़ ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा कल एक वट वृक्ष बनकर न केवल पर्यावरण को संजीवनी देगा, बल्कि आने वाले पीढ़ियों के लिए भी जीवन दायिनी सिद्ध होगा।

- बरगद-पीपल जैसे पवित्र वृक्षों के महत्व पर जोर, शिक्षा के साथ प्रकृति से जुड़ाव का संदेश

यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना जरूरी है। बच्चों को यह भी बताया गया कि पेड़ हमें न केवल छाया और फल देते हैं, बल्कि हमारा जीवन भी बचाते हैं। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने घरों, मोहल्लों में भी पौधे लगाए और उनका संरक्षण करें। अंत मे प्रधानपाठक रमेश कुमार वर्मा व समन्वयक राजेश कुमार बंजारे ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और स्काउट गाइड के छात्रगण, इको क्लब के सदस्यगण शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व पालक विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ग्रीन डे पर स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ, अमेरी में ग्रीन डे के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण के साथ ही विद्यार्थियों ने हरियाली के महत्व पर आधारित भाषण, कविता पाठ एवं नारे प्रस्तुत किए, जिससे सभी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव जागृत हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की प्रधानपाठक सावित्री वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में शिक्षिकाएं सुषमा वर्मा, जानकी साहू, योगेश्वरी वर्मा, शांति वर्मा, आशा किरण धीवर, ज्योति वर्मा, कुसुम वर्मा, संगीता वर्मा, लोचन सेन एवं भारती सेन का विशेष सहयोग रहा। सभी शिक्षकों के समन्वित प्रयास से यह कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण हेतु नियमित पौधरोपण व देखभाल का संकल्प लिया।



#### ओटगन में धुमधाम से मनाया गया हरेली तिहार

**सिमगा।** ग्राम ओटगन में श्री रामसेवक परिवार द्वारा लगातार 7 वर्षों से श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में हरेली उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गेंडी दौड़, महिलाओं के लिए लोटा दौड़, नारियल फेंक, बच्चों के लिए चम्मच दौड़, सहित अन्य खेल में बच्चे एवं बड़ों ने खेल में भाग लेकर भरपूर लुत्फ उठाया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में तिल्दा भाजपा के मंडल महामंत्री सौरभ जैन, नगरपालिका तिल्दा के सभापति ईश्वर यद्धु, सरपंच हिमांशु तिवारी, पंचगण सियाराम साहू, डमरू ध्रुव, संत साहू, सहित श्रीराम सेवक परिवार से विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, रोहित यादव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। अंत में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया साथ ही उपस्थित किसान भाईयों को भी गमछा भेंट कर सम्मान किया गया।



## अवैध शराब पर नकेल कसने 'गुलाबी गैंग' का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा समीपस्थ ग्राम बुडेरा मे सरपंच राजा भरत साहू के नेतृत्व मे ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार हरेली धूमधाम से मनाया इस अवसर पर जहां ग्रामवासियों के मांग को पूरा करते गौठान का शुभारंभ किया, वहीं गांव में अवैध शराब सहित शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को रोकने गुलाबी गैंग का गठन किया।

- सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाया पारंपरिक हरेली त्यौहार

पूरे क्षेत्र में हरेली त्यौहार धूमधाम से पारम्परिक तरीके से मनाया जहां ग्रामीण छत्तीसगढ़ के परम्परानुसार खेती औजार का पूजा-पाठ किया गया। वही छतीसगढी खेल का आनंद ग्रामीण उठाये इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत बुडेरा में हरेली की धूम देखी गयी जहां गांव वाले एक जगह एकत्रित होकर हरेली के रंग में रंग गये सरपंच राजा भरत साहू ने खेती के दौरान खुले घूम रहे मवेशी को लेकर गांव वालो के मांग पर गौठान का शुभारंभ पूजा पाठ कर किया। इस दौरान गांव के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





वही गांव में आये दिन शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और गांव में अवैध शराब को रोकने गुलाबी गैंग का गठन किया गया जिसमे गांव की महिलाएं बड़ी तादात मे गुलाबी गैंग में शामिल हुए बता दे पूरे क्षेत्र में अवैध शराब और शराबी द्वारा हुड़दंग को लेकर खासकर महिलाएं परेशान है बुडेरा में गुलाबी गैंग के गठन से अब आने वाले दिनों में इनसें प्रेरणा लेकर अन्य पंचायतों मे गुलाबी गैंग जैसे समूह गठन किये जाने की संभावना से इंकार नही जा सकता इस दौरान गांव के पंच, उपसरपंच सहित जन प्रतिनिधि के साथ गांव वाले उपस्थित रहे।

## आत्मानंद पीएमश्री स्कूल में हरेली और कारगिल विजय दिवस का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर के आत्मानंद पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय में शनिवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार हरेली व कारगिल विजय दिवस का आयोजन कर विजय जुलूस निकाला गया था। जिसके बाद स्कूल में प्रदेश के पारम्परिक खेल भी खेलाया गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा ने बताया कि शनिवार को स्कूल में बैग लेस डे रहता है साथ ही आज कारगिल विजय दिवस भी है जिसको लेकर नगर में विजय जुलूस निकाला गया था। वही छग के पहले त्यौहार हरेली को लेकर विद्यालय में छात्रों को पारंपरिक खेलों से परिचय करने के उद्देश्य से भौंरा, फुगड़ी खेलाया गया साथ ही गेड़ी भी चढ़ाया गया था। आज कल के छात्र अपना ज्यादातर समय मोबाइल में बीताते हैं जिससे उन्हे हमारे पारंपरिक खेलो का भौतिक रूप से अनुभव नहीं होता है। आज उन्हें न केवल इसके बारे में बताया गया बल्कि खेलाया भी गया है। साथ हीं आज कारगिल विजय दिवस भी था जिसके उपलक्ष्य युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमारे देश की सेना के शौर्य के बारे में छात्रों को बताया गया है।







## कार की ठोकर से साइकिल चालक घायल

**बालोद।** सायकल से घर जा रहे युवक को कार ने ठोकर मार दी। सायकिल को ठोकर मारने के बाद कार सड़क किनारे स्थित घुरवा में जा घुसी, जिसे आस पास के लोगों ने निकाला। कार की ठोकर से सायकिल सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया, मामले में कार चालक के खिलाफ गुण्डरदेही थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

सायकिल सवार युवक ने पुलिस को बताया है कि वह देवरी ख का निवासी है, रात को गांव के भांठापारा से अपने घर बस्ती पारा की ओर सायकिल से जा रहा था, तभी सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 बीवी 2854 के चालक ने अपनी कार को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाकर उसके सायकिल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर देने से वह सायकिल सहित गिर गया। एक्सीडेंट से उसके बांये पैर, बांये हाथ एवं दाहिने हाथ की हथेली में चोंट लगी है तथा साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। युवक ने बताया कार चालक अपनी कार को एक्सीडेंट करने के बाद रोड किनारे घुरवा में घुस गया, तभी आस पास में खडे गांव के कोटवार तामेश्वर निषाद, सरपंच पति प्रमोद देशमुख, डोमेश्वर देखमुख, मनीराम निषाद व अन्य लोगों ने कार चालक को कार से बाहर निकाल कर लाये जिसने अपना नाम किशोर कुमार भारती बताया। युवक ने बताया कार चालक शराब के नशे में था, जिसके बाद युवक ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### स्काउटिंग में अनुशासन का है विशेष महत्वः डॉ सोमनाथ

# 129 लोगों को मिले राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बलौदाबाजार-भाटापारा का वार्षिक समीक्षा बैठक एवं राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव (छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य उपाध्यक्ष एवं आयोग के सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल, राज्य सदस्य प्रतिनिधि तंजीव अरोरा उपस्थित थें। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत स्काउटिंग परंपरा के अनुसार मुख्य द्वार पर रोली, तिलक लगाकर किया गया। पश्चात कलर पार्टी के द्वारा मंच तक लाया गया। वहीं अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों को मंचन कराया गया। मंच के उपस्थित समस्त अतिथियों का स्कार्फ एवं बुके से स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में जिला सचिव जगदीश हीरा साहू द्वारा सत्र 2024-25 के वार्षिक कार्यक्रम का प्रतिवेदन पढ़ा गया तथा अंशदान आय-व्यय की जानकारी प्रदान की गई। सत्र 2023-24 तथा 2024-25 में राज्य पुरस्कार उत्तीर्ण 129 स्काउट गाइड रोवर रेंजर को अतिथियों के करकमलों से राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

उद्बोधन में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने स्काउटिंग में अनुशासन का महत्व बताते हुए स्काउटिंग में कसावट हेतु कई टिप्स दिए गए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे स्काउट गाइड संस्था के किये गए कार्यों की तारीफ पूरे भारत वर्ष में हो रही है, चाहे वह प्याऊ घर की बात हो या एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण की हो। सैनिकों हेतु राज्य से 31000 राखियां भेजने हेतु प्रत्येक जिले से 1000 राखियां भेजने का आह्वान किया गया। साथ ही समाज को स्काउटिंग की ओर से जीवनोपयोगी कला सीखने पर जोर दिया। जिला स्तर पर बेसिक कोर्स आयोजित कर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की बात कही।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राज्य मुख्यालय आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, प्रशिक्षण आयुक्त खोडस राम कश्यप, डीओसी सूरज कसार, सहायक जिला आयुक्त एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टंडन, बलौदाबाजार ब्लाक अध्यक्ष मानक वर्मा, पलारी ब्लॉक अध्यक्ष पवन वर्मा, मुकेश साहू, कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, नीरज बाजपेयी, हेमंत साहू, आर के वर्मा, अदिति बघमार, के आर कैवत्र्य, डीओसी गाईड नेहा उपाध्याय, डॉ. राधेश्याम पटेल, शिव शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिला संघ के सदस्य, विकासखण्ड अध्यक्ष, विकासखण्ड सचिव, प्राचार्य, स्काउटर गाइडर, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स उपस्थित थे।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

// ईश्तहार //

क्रमांक/ / तह. / वा. / 25 सिमगा, दिनांक 15/07/2025
रा.प्र.क्र ......../ब-121/2024-25
ग्राम- सिमगा प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक शिवप्रसाद साहू पिता केजउ जाति तेली निवासी ग्राम वार्ड क्र. 10 दुलदुला थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के माता ढेलिया बाई साहू पति केजउ साहू का (मृत्यु) दिनांक 14/04/1997 को ग्राम दुलदुला में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नगर पालिका सिमगा मे नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 30/07/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

ईश्तहार

क्रमांक //तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 15/07/2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25
ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक शिशुपाल साहू पिता भगवानी राम निवासी ग्राम वार्ड क्र. 10 दुलदुला थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के दादी रामकुंवर पति सुद्धधूराम साहू का (मृत्यु) दिनांक 15/05/2005 को ग्राम दुलदुला में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नगर पालिका सिमगा नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 30/07/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

## खबर संक्षेप

### पंकज बने लवन महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि

**लवन ।** जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगडे ने अपने संसदीय क्षेत्र के कसडोल विधानसभा अंतर्गत आने वाले



महाविद्यालयों में सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंकज कुमार अग्रवाल को लवन महाविद्यालय का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पंकज अग्रवाल की नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्हें बधाई देने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, बलौदाबाजार, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, लवन नगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मीना बार्वे, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रशांत यादव आदि शामिल हैं। सभी लोगो ने पंकज अग्रवाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में लवन महाविद्यालय में सांसद योजना के तहत विकास कार्यों को गति मिलेगी ।

### चेनलिंक फेंसिंग तार की चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** वन परिक्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कक्ष क्रमांक 69 से चेनलिंक फेंसिंग तार चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वन परिक्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कक्ष क्रमांक 69 रकबा 20 हेक्टेयर क्षेत्र में भारतमाला परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति सिंचित मिश्रित वृक्षारोपण किया गया है जिसकी सुरक्षा के लिए चैनलिंक फैसिंग कार्य कराया गया है। जिसमें से लोहे का तीन बंडल चैनलिंक फैसिंग तार कीमत करीबन 14 हजार को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने धारा 305(ई) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस स्टैंड में युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली के बस स्टैंड में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं. 12 उड़ियापारा निवासी मनोज ने बताया कि वह सरायपाली बस एजेंट का काम करता हैं। 25 जुलाई की दोपहर दो बजे बस स्टैंड सरायपाली काम पर गया। इस दौरान वह वहां बैठा था, उसी समय कमलेश कानूनगो उर्फ शिल्लु और प्रकाश सिंह के बीच लड़ाई हो रही थी। तभी प्रकाश बेवजह उसे गाली गलौज करने लगा। जब प्रार्थी ने मना किया तब जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की।

### अतिक्रमण बताकर तोड़ दिया मकान

**महासमुंद।** कोमाखान के स्टैंड के पास बने एक मकान को शासकीय जमीन में कब्जा कहकर दो लोगों ने तुड़वा दिया। पुलिस को ग्राम खट्टी निवासी शिवचरण कुर्रे ने बताया कि उसे करीबन 5 माह पहले खट्टी गांव के बस स्टैंड के पास शासकीय जमीन पर एक कमरे का अपना एक कच्चा मकान बनाया था। जिसे लेकर गांव के ही कौशिक राम पटेल पिता अगहन पटेल और जोगेंद्र पटेल पिता दयालाल पटेल अतिक्रमण हटाओ कहकर विवाद करते रहते थे।

## समस्या : 6 साल में ही सड़क हुई खस्ताहाल, स्थानीय नेताओं ने उठाए सवाल

# सरसीवां-सरायपाली मुख्य मार्ग बना जानलेवा, अनगिनत गड्ढों से आवागमन मुश्किल, लोग हो रहे चोटिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार सरसीवां

यदि आप सरसीवां से सरायपाली मार्ग से आवाजाही करना चाहते हैं तो अभी यात्रा टाल दें क्योंकि मार्ग में अनगिनत जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए हैं। इस मार्ग में दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाना आसान नहीं है यहां पैदल चलना भी मुश्किल है। जिला मुख्यालय से महज 15 किमी में सरसीवां से सरायपाली जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति बेहद खराब हालत में है। इस जर्जर सड़क पर चल रहे वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

6 साल पहले ही यह सड़क बनी थी लेकिन यहां की सड़के पूरी तरह से फिर से जर्जर में तब्दील हो गई है। लोग गर्मी में धूल से परेशान रहे और अब बारिश में कीचड़ और गड्ढे से परेशान हो रहे हैं । मार्ग में चलने वाले साइकल और दोपहिया वाहन चालक फिसल कर गिरकर चोटिल हो रहें हैं। लोक निर्माण विभाग बड़े-बड़े गड्ढों को भरने जरूरी नहीं समझ रहा है।

अभी बारिश का समय है सड़क का डामरीकरण करना तो मुमकिन नही है लेकिन गड्ढों को गिट्टी, मुरूम डालकर तो पाटा जा सकता है लेकिन विभाग इतना भी नहीं कर पा रहा। कईयों बार ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत करने की मांग रखी लेकिन अब तक सरसीवां से सरायपाली जाने वाली इस सड़क की विभाग सुध लेना जरूरी नहीं समझ रहा है। हम आपको इस जर्जर सड़क की दो तस्वीर साझा कर रहे हैं एक सरसीवा से सरायपाली मार्ग के मुड़पार में नाथू महिलांगे व पुकराम साहू घर के पास की है इन दोनों तस्वीर में आप देख सकते हैं की सड़क की हालत किस कदर खराब हो गई है। इस मार्ग में निर्मित बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा हुआ है आवागमन करने वाले गिरकर घायल हो रहें हैं फिर भी शासन प्रशासन का ध्यान नहीं है।

### बारिश में कीचड़ और गड्ढे बढ़ा रहे परेशानी, जल्द होगा 19 करोड़ का काम



#### मुख्य मार्ग के गड्ढे समतल किया जाना चाहिए: देवांगन

इस मामले पर सारंगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने कहा कि जिला के करीब होने के बाद भी ऐसी समस्या पाया जाना गंभीर मामला है इस पर प्रशासन और विभाग को तत्काल ध्यान देते हुए सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग के गड्ढे समतल किया जाना चाहिए और बारिश के बाद डामरीकरण करना चाहिए। इस विषय में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ लोक निर्माण विभाग के ईईपीएल पैकरा ने बताया कि इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए शासन से 19 करोड़ 30 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है जल्द टेंडर जारी कर बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

#### अंचल के लोगों ने की नाली निर्माण की मांग

इस मार्ग के जर्जर होने के दो प्रमुख कारण है पहला की मार्ग के रहवासी अपने अपने घरों को ऊंचा करने सड़क के आजू बाजू मुरूम डाल देते हैं जिससे सड़क नीचे हो जाती है और पानी का निकासी नहीं होने के कारण मार्ग खराब होने लगता है दूसरा कारण मार्ग में नाली न होना। अंचल के लोगों ने इस मार्ग में नाली निर्माण करने की मांग की है। सड़क की दुर्दशा पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बताया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार और इनके विभाग के अधिकारी इस प्रमुख मार्ग को सही करने जरूरी नहीं समझ रहे हैं विभाग प्रमुख को चाहिए कि ऐसे जानलेवा गड्ढे को तत्काल भरना चाहिए जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो।

### पलारी मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढे

**पलारी ।** रायपुर से बलौदाबाजार मुख्य मार्ग सबसे व्यस्त मार्ग मे से जहां 24 घंटे मार्ग पर आवाजाही रहता है, वही मार्ग पर कही उखड़ी सड़क है, कही-कही पर सड़क असमतल है तो कही गड्ढे राहगीरो के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, वही बलौदाबाजार से आने पर पलारी मे विष्णु पेट्रोल पंप के समीप सड़क के बीचोबीच जानलेवा गड्ढे है गड्ढे की गहराई और चौड़ाई इतनी है कि दुपहिया वाहन सवार इस गड्ढे के कारण गिर जाए तो जान पर बन आएगी। राहगीरों ने इस गड्ढे कि मरम्मत की माँग की है।



### जानलेवा गड्ढों से मचा हाहाकार ग्रामीण आमरण अनशन को मजबूर

**गोपालपुर ।** सरकारी दस्तावेज़ों में विकास का शोर है, लेकिन ज़मीन पर भिनोदा से गगोरी तक फैला यह मार्ग चीख-चीख कर सत्ता की संवेदनहीनता और प्रशासन की अंधी व्यवस्था को उजागर कर रहा है। ये सड़क नहीं, एक खुले घाव की तरह है, जिसमें प्रतिदिन आम लोगों की उम्मीद, असुविधा और जानें दम तोड़ रही हैं। एक से डेढ़ फीट तक के गड्ढों से भरा ये रास्ता अब सिर्फ एक मार्ग नहीं रहा, बल्कि एक चलती फिरती आपदा बन गया है। स्कूली बच्चों की गिरती साइकिलें, गर्भवती महिलाओं की कराह, बुजुर्गों की लड़खड़ाती लाठी और अस्पताल जाते बीमारों की जान, सब कुछ इस खस्ताहाल रोड की भेंट चढ़ चुका है। इस रास्ते से करीब 4 से 5 हजार लोग रोज़ाना गुजरते हैं, जिनमें सरकारी स्कूलों के सैकड़ों छात्र, शिक्षकों, खेत-खलिहानों के मजदूर, दुकानदार और मरीज शामिल हैं। बरसात में ये गड्ढे कीचड़ और जानलेवा दलदल में बदल जाते हैं, जबकि गर्मी में धूल और दुर्घटनाएं आम बात हैं। रोज कोई न कोई गिरता है, चोटिल होता है, लेकिन शासन के कानों तक न दर्द पहुँचता है, न आहट। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर कलेक्टर तक शिकायतें कीं, ज्ञापन सौंपे, यहां तक कि समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित करवाईं, लेकिन हर बार आश्वासन मिला और फिर वही गड्ढे, वही दर्द, वही चुप्पी।



#### अब चुप नहीं बैठेंगे, करेंगे आमरण अनशन: ग्रामीण

यह हाल तब है जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़कों को ग्रामीण विकास की रीढ़ बताते हैं। लेकिन ज़मीनी सच्चाई ये है कि यहां सड़क नहीं, प्रशासनिक मलबा पसरा पड़ा है। इस पूरे क्षेत्र के लिए यह मार्ग एम्बुलेंस का मुख्य रूट है। आपातकाल में जब कोई मरीज अस्पताल ले जाया जाता है, तो नेशनल हाईवे तक पहुंचने से पहले ही उसका दम घुट जाता है। मौत सिर्फ बीमारी से नहीं, बल्कि सड़क की लापरवाही से आती है। अब ग्रामीणों ने ऐलान कर दिया है कि अब चुप नहीं बैठेंगे। यदि जल्दी ही मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो सड़क पर ही बैठेंगे, प्रदर्शन करेंगे, और ज़रूरत पड़ी तो कलेक्ट्रेट घेराव और आमरण अनशन भी होगा।

## खरोरा महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्व. रामप्रसाद देवांगन शास. महाविद्यालय, खरोरा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ शंपा चौबे के करकमलों से मां भारती के तैलचित्र पर पुष्पार्पण, गुलाल और अगरबत्ती दिखाकर हुआ।

- शहीदों को किया गया नमन, युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ बाल्मीकि साहू ने कारगिल युद्ध में अपने आत्मोत्सर्ग करने, पराक्रम, शौर्य का प्रदर्शन करने वाले जवानों के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त किया। और कहा कि हमारे जवानों ने कारगिल में देश की सीमा की रक्षा हेतु प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद अपने अदम्य साहस, शौर्य से दुश्मन पाकिस्तानी सैनिकों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए उनको धूल चटायी। आज का दिन ऐतिहासिक और गौरवशाली ही नहीं शहीदों को नमन, वंदन व सेना के शौर्य को स्मरण कर राष्ट्र की प्रगति हेतु अपना योगदान देने संकल्पित होने का दिन है।

प्राचार्य डॉ शंपा चौबे ने भारत के सभी अमर सपूतों को नमन, वंदन करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस युद्ध में चार असाधारण वीर सपूतों को उनकी असाधारण वीरता और निस्वार्थता के लिए भारत के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। जिनमें कैप्टन विक्रम बत्रा, राइफलमैन संजय कुमार, ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव और लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे शामिल है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए सेना और पुलिस में आगे आने अपील की। इस अवसर पर अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 'सुरक्षित शनिवार' में विद्यार्थियों को सिखाए आपदा से बचाव के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

विकासखंड तिल्दा नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में "मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम" के अंतर्गत आपदा प्रबंधन की दिशा में एक जागरूकता अभियान के रूप में "सुरक्षित शनिवार" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, आंधी-तूफान, भूकंप आदि के खतरों से अवगत कराया और उनसे बचाव के उपायों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित स्थानों की पहचान, प्राथमिक उपचार, त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी तथा संकट की घड़ी में संयम और सूझबूझ से कार्य करने के महत्व पर विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को संकट के समय घबराने की बजाय समझदारी से निर्णय लेने की प्रेरणा दी। इस आयोजन को प्रभावी और ज्ञानवर्धक बनाने में शिक्षकों – तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे और भारती तांती – का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय द्वारा इस प्रकार की योजनाएं विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी व्यवहारिक शिक्षा देने तथा आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर संचालित की जा रही हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रही है।

- मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान, व्यवहारिक जानकारी पर जोर



### छात्रों को डेंगू, मलेरिया से बचाव व रोकथाम के संबंध में दी गई जानकारी

**खरोरा ।** मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि डेंगू, मलेरिया से बचाव व रोकथाम कैसे किया जाए कि डेंगू व मलेरिया दोनों ही मच्छर जनित बीमारियां हैं। लेकिन इनके होने के अलग-अलग कारण है। डेंगू बुखार, डेंगू वायरस के कारण होता है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। वहीं मलेरिया प्लाज्मोडियम परजीवी के कारण होता है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए अपने शरीर को पूरा बाजू के कपड़ों से ढककर रखें, मच्छरों को भगाने वाली क्रीम का उपयोग, मच्छरदानी का उपयोग करें, अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। अगर कोई व्यक्ति को डेंगू या मलेरिया होने के लक्षण हो तो नजदीकी अस्पताल में तुरन्त ले जावे। इस कार्यक्रम में हेमकुमारी साहू, चरित कुमार ध्रुव व संजय कुमार बंछोर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।





### शिशु मंदिर की छात्राओं ने जीता सिल्वर

**भाटापारा।** स्थानीय मयूर विद्यालय के दो छात्राओं कु. स्वालेहा खान व आयुषी ध्रुव ने सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। उक्त संबंध में संस्था के प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2024-25 में आयोजित कुराश स्पर्धा में शानदार जीत के लिए छत्तीसगढ़ शासन के तरफ से 15-15 हजार रुपए का चेक जिलाधीश दीपक सोनी व खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा के हाथों प्रदान किया गया इसी के तहत संस्था के संचालन समिति मयूर क्लब के पदाधिकारी रविंद्र जैन उपाध्यक्ष एवं श्रवण कुमार अग्रवाल सचिव ने भी दोनों छात्रों को 1100-1100 नगद राशि प्रदान कर उत्साह वर्धन किया समिति के अध्यक्ष अशोक बाजपेयी एवं कोषाध्यक्ष विजय कुमार मल ने भी छात्राओं की प्रशंसा करते हुए और भविष्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

## स्पर्धा के विजेताओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# कौशल तिहार 2025 का भव्य आयोजन, युवाओं की प्रतिभा को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में कौशल विकास योजनाओं के तहत कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न ट्रेडों जैसे जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, जल वितरक संचालक, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन तथा मोबाइल फोन हार्डवेयर में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

- विभिन्न ट्रेडों में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं, उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच

कौशल तिहार अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय स्पर्धा के विजेताओं को आज कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया । कलेक्टर श्री सोनी ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान मिलती है और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह एक सशक्त कदम है।



प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को दो आयु वर्गों – 22 वर्ष से कम व 22 से 45 वर्ष में बाँटा गया था। प्रतियोगिता में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स में 22 वर्ष से कम आयु वर्ग में मंजुलता बंधवार ने प्रथम तथा निलिमा वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग में ललिता बघेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स में पंकज यादव ने प्रथम तथा योगेश वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जल वितरक संचालक कोर्स में दीपक विश्वकर्मा प्रथम तथा रविकांत साहू द्वितीय स्थान पर रहे। मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयरिंग कोर्स में गणेश निषाद ने प्रथम एवं दिलेश्वर पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर एवं कौशल विकास प्रभारी श्यामा पटेल भी उपस्थित थे।

